हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 24 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 33 .4 डिग्री

न्यूनतम 23 .1 डिग्री


13 साउथ पॉइंट की सारिका ताइक्वांडो में जीता गोल्ड





14 नवरात्र में जौ बोने की परंपरा समृद्धि, विज्ञान और आस्था का अद्भुत संगम




*तीन दिन ओपीडी बंद रहने के बाद मंगलवार को खुले सरकारी अस्पताल*

# तीन दिन की छुट्टी के बाद एमरजेंसी में उमड़ी मरीजों की भीड़

## सामान्यतय अस्पताल में आते हैं प्रतिदिन करीब दो हजार मरीज, सुबह से ही काउंटर पर दिखी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में लगातार तीन दिन तक ओपीडी सेवाएं बंद रहने से मरीजों की परेशानियां बढ़ गईं। रविवार, सोमवार और मंगलवार को लगातार सरकारी अवकाश के चलते अस्पताल का आपातकालीन कक्ष ही मरीजों के लिए सहारा बना रहा। नतीजतन, आपातकालीन कक्ष के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं और कई मरीजों को अपनी बारी के लिए देर दोपहर तक इंतजार करना पड़ा। तीन दिन की छुट्टियों ने एक बार फिर सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को कठघरे में खड़ा कर दिया है। यह हालात स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रखने के लिए भविष्य में ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। अस्पताल प्रशासन के आंकड़ों के मुताबिक, सामान्य दिनों में ओपीडी में रोजाना करीब 2000 मरीज पंजीकरण करवाते हैं। लेकिन अवकाश के कारण सभी मरीज आपातकालीन कक्ष की ओर रुख करते रहे। सुबह आठ बजे से ही पंजीकरण काउंटर पर भीड़ जुट गई और सीमित स्टाफ होने से सभी मरीजों को तुरंत उपचार नहीं मिल सका। ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों को अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ी। कई मरीज ऐसे भी थे जो रविवार से ही इलाज के लिए आने की योजना बना रहे थे, मगर ओपीडी बंद रहने से उन्हें वापस लौटना पड़ा।

*भीड़ के चलते मंगलवार को एमरजेंसी में कई बार बना तैनावपूर्ण माहौल*



एमरजेंसी के बाहर लगी मरीजों की लाइन।

### ओपीडी सेवाएं बंद रहना, कठिनाई भरा



मरीजों का कहना था कि लगातार तीन दिन तक ओपीडी सेवाएं बंद रहना उनके लिए कठिनाई भरा रहा। खासकर बुजुर्ग और गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ा। भीड़ और अव्यवस्था के चलते कई बार आपातकालीन कक्ष का माहौल तनावपूर्ण भी हो गया। मरीजों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। जिसके कारण परेशानी और बढ़ गई है।

### लगाई स्पेशल ड्यूटी

आपातकालीन कक्ष में अलग से चिकित्सक की तैनात कर मरीजों को राहत देने का प्रयास किया गया है। तीन दिन से लगातार छुट्टियां चल रही है।
*-डॉ. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी।*

## खबर संक्षेप

### रामनगर में छत से गिर कर व्यक्ति की मौत

**गन्नौर।** रामनगर में मकान की छत से गिर कर एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी अनुसार सिंहपुरा, उत्तर प्रदेश निवासी 36 वर्षीय अमित रामनगर गांव में किराये पर रह रहा था। अमित मकान की छत पर था, तभी संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर थाना बड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 174 की कार्रवाई अमल में लाई है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**गन्नौर।** दातौली गांव में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दातौली गांव का दीपक बाइक पर जा रहा था, तभी संतुलन बिगड़ने से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन उसे इलाज के लिए खानपुर मेडिकल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा 174 की कार्रवाई की गई है।

*मंडियों में धान की आवक ने पकड़ी रफ्तार*

# अधिक नमी के चलते फिलहाल पीआर धान की सरकारी खरीद पर लगाई रोक

सोनीपत व गोहाना मंडियों में पहुंचा पीआर धान, हैफेड को 17 फीसदी से अधिक मिली नमी, रोकी खरीद, 1509 किस्म के धान की भी तेजी से बढ़ रही मंडियों में आवक, खरीद ने होने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



सोनीपत। अनाज मंडी में लगी धान की ढेरियां। फोटो : हरिभूमि।



सोनीपत। धान की ढेरियां पर मंडराते कबूतर। फोटो : हरिभूमि।

जिले की अनाज मंडियों में खरीफ फसलों की आवक लगातार बढ़ रही है। सोनीपत और गोहाना मंडियों में पीआर (मोटा) धान पहुंचना शुरू हो गया है, लेकिन अधिक नमी के चलते इसकी सरकारी खरीद फिलहाल रोक दी गई है। हैफेड अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि 17 फीसदी से ज्यादा नमी होने के कारण अभी खरीद संभव नहीं है। जैसे ही नमी का स्तर कम होगा, सरकारी खरीद शुरू की जाएगी। सोमवार को किसानों ने प्राइवेट खरीददारों पर धान का कम मूल्य देने के आरोप लगाए थे।

मंडी अधिकारियों के अनुसार, इस बार कॉमन किस्म के धान का भाव 2369 रुपये प्रति क्विंटल और ए-ग्रेड धान का भाव 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। वर्तमान में सोनीपत मंडी में 11 मीट्रिक टन (एमटी) और गोहाना मंडी में 10 एमटी पीआर धान की आवक दर्ज हुई है। यहां सोनीपत में एक और गोहाना में दो गेट पास जारी किए गए हैं।

### खरखौदा मंडी में तैयारियां पूरी

खरखौदा अनाज मंडी में भी खरीफ फसलों की खरीद को लेकर पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। अब तक मंडी में 9,000 क्विंटल धान पहुंच चुका है। इस बार लगभग 1,000 एकड़ में किसानों ने पीआर धान की बुआई की है, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में आवक अधिक रहने की संभावना जताई जा रही है। जिसे लेकर मंडी प्रशासन ने धान की आवक शुरू होने से पहले ही अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। ताकि आवक शुरू होने के बाद अपनी फसल मंडी में लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। हालांकि, अभी तक मंडी में बाजरे की आवक शुरू नहीं हुई है। पिछले सीजन में यहां 18,494 क्विंटल बाजरा आया था। मंडी सचिव सुरेश खोखर ने बताया कि जल्द ही बाजरे की आवक बढ़ेगी। किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए मंडी परिसर में सफाई, बिजली, पानी और दवा छिड़काव की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

- **क्षेत्र में किसानों ने एक हजार एकड़ में की है पीआर की बिजाई**

### 1509 की आवक में आई तेजी

अभी तक जिले की मंड़ियों में 1509 किस्म के धान की आवक में तेजी देखी जा रही है। सोनीपत मंडी में अब तक 81,310 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है( जिनमें से मंगलवार को ही 14,140 क्विंटल की खरीद हुई। किसानों को 1509 धान का भाव 2600 से 2851 रुपये प्रति क्विंटल तक मिल रहा है। गोहाना मंडी में अब तक 13,000 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। खरखौदा मंडी में 9 हजार क्विंटल आ चुकी है।

### किसानों ने लगाए थे आरोप

सोमवार को खरखौदा रोड स्थित मंडी में धान की खेप पहुंची थी। किसानों ने सरकारी एजेंसियों की बजाय प्राइवेट व्यापारियों को धान बेचने का निर्णय लिया था। इसके साथ ही किसानों ने व्यापारियों (मिलर्स) पर धान का कम मूल्य न देने और तोल के लिए लगाए गए कांटे भी छुपाने के आरोप लगाए थे। किसान नेताओं का आरोप था कि मिलर्स पहले कम रेट दे रहे थे। इसके बाद 3000 से 3100 रुपये तक धान की खरीद की गई। मंडी में धान की खेप पहुंचने व किसानों की नाराजगी को देखते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली मंडी में पहुंचे थे। उन्होनें व्यापारियों व किसानों से धान का उचित मूल्य देने और पूरी पारदर्शिता के साथ खरीद करने का भरोसा दिया था। उन्होंने व्यापारियों व किसानों से बातचीत की।

- **मंडी पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दिया था किसानों को भरोसा**

## साइबर ठगों ने फर्जी वेबसाइट और दस्तावेजों से ठगे 5.17 लाख

**सोनीपत।** जिले में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें ठगों ने फर्जी वेबसाइट और दस्तावेजों के आधार पर खाते खुलवाकर एक व्यक्ति से 5 लाख 17 हजार 551 रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम सोनीपत पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला कलां निवासी अरुण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 अगस्त 2025 को वह किसी काम से दिल्ली गया हुआ था। इस दौरान सुबह 10 बजकर 11 मिनट पर उनके मोबाइल नंबर पर लगातार क्रेडिट कार्ड से पैसे कटने के एसएमएस आने लगे। उसने तुरंत बैंक से संपर्क कर अपने क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करवाए, लेकिन तब तक उनके खातों से 5,17,551 रुपये कट चुके थे। पीड़ित ने बताया कि ये रकम कई ट्रांजैक्शनों के जरिए फर्जी खातों में ट्रांसफर की गई। उन्होंने इसकी शिकायत तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर कर दी। जिस पर उसकी शिकायत दर्ज की गई। मामले की जांच कर रहे एएसआई नवदीप ने बताया कि खातों के विवरण की जांच की जा रही है और साइबर ठगों को जल्द पकड़ने के लिए टीम गठित कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने व किसी भी संदिग्ध लिंक या वेबसाइट पर अपनी बैंक डिटेल साझा न करने की अपील की।

- **मोबाइल पर पैसे कटने के मैसेज से हुआ साइबर ठगी का खुलासा**

### घर में घुसकर महिला पर चाकू से हमला कर धमकाने वाला आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली पुलिस ने घर में घुसकर महिला पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित खेमचंद निवासी नूंह हाल किरायेदार, दहिया कॉलोनी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपित के पास से वारदात में प्रयुक्त हथियार को बरामद किया है। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। 21 सितंबर को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 20 सितंबर को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने घर पर अकेली थी। तभी खेमचंद घर पर आया और बिना बात कहासुनी करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपित ने महिला की गर्दन दबाने का प्रयास किया। महिला के बाहर भागने पर आरोपी ने उसका रास्ता रोककर उसकी गर्दन, हाथ और पैरों पर चाकू से वार किए।

*बाइक सवार को जल्दबाजी पड़ी भारी*

# फाटक पार करते बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

नई दिल्ली से कटरा जा रही वंदेभारत ट्रेन (22477) मंगलवार शाम बड़ा हादसा टलते-टलते रह गया। गन्नौर क्षेत्र में अगवानपुर फाटक पर रेलवे ट्रैक पार कर रहे एक युवक की बाइक तेज रफ्तार वंदेभारत ट्रेन की चपेट में आ गई। गनीमत यह रही कि युवक ने समय रहते बाइक से छलांग लगाकर अपनी जान बचा ली। हालांकि, बाइक ट्रेन के अगले हिस्से में फंस गई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस कारण ट्रेन करीब 20 मिनट तक गन्नौर रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही।

जानकारी के अनुसार, अगवानपुर फाटक पर हरियाणा राज्य सड़क विकास निगम (एचएसआरडीसी) की ओर से रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य चल रहा है। सुरक्षा कारणों से इस फाटक को काफी समय से बंद किया गया है। इसके बावजूद मंगलवार शाम करीब छह बजे एक युवक बाइक लेकर वहां पहुंचा और ट्रैक पार करने लगा। तभी अंबाला की ओर जा रही वंदेभारत ट्रेन वहां से गुजरी और बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए और वह ट्रेन के अगले हिस्से में फंस गई। युवक मौके से फरार हो गया। हादसे के समय वंदेभारत ट्रेन पहले ही अपने निर्धारित समय से करीब दो घंटे की देरी से चल रही थी। बाइक फंसने से ट्रेन को गन्नौर रेलवे स्टेशन पर रोकना पड़ा।



### वंद भारत की चपेट में आई बाइक

मंगलवार शाम नई दिल्ली-कटरा वंदेभारत ट्रेन की चपेट में बाइक आ गई। चालक बाइक छोड़कर मौके से भाग गया। अगले हिस्से में बाइक फंसने के बाद ट्रेन को गन्नौर रेलवे स्टेशन पर खड़ा किया गया था। बाइक को हटाने के बाद ट्रेन को अंबाला की ओर रवाना कर दिया गया। बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश आरंभ कर दी है।
*-नरेश कुमारी, चौकी इंचार्ज, आरपीएफ, गन्नौर*

### तकनीकी टीम ने निकाली बाइक

सूचना पर जीआरपी व रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेन के अगले हिस्से से बाइक को निकाला गया और ट्रैक को सुरक्षित किया गया। इसके बाद ट्रेन को अंबाला रवाना किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी ने बाइक चालक के खिलाफ मकेस दर्ज कर लिया है। फिलहाल उसकी तलाश जारी है। अधिकारियों का कहना है कि रेलवे ट्रैक पर लापरवाही से जान जोखिम में डालना अपराध है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कोल्ड स्टोर से 10 बोरी पिस्ता डोडी की चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव सबौली स्थित जीके एग्रो कोल्ड स्टोर से दस बोरी पिस्ता डोडी चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरीश चंद्र विद्यार्थी निवासी बौबुआ खास (उत्तराखंड), हाल निवासी जीके एग्रो कोल्ड स्टोर, वाजिदपुर गांव, सबौली, ने बताया कि 19 सितंबर की रात को स्टोर से 10 बोरी पिस्ता डोडी चोरी हो गई। जिसकी सूचना डायल 112 पर दी थी। इसके बाद उन्होंने खुद भी तलाश की, लेकिन सामान नहीं मिला। पूरी तसल्ली करने के बाद 22 सितंबर को उन्होंने थाना कुण्डली में लिखित शिकायत दी। एएसआई नरेश के अनुसार, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई। फिंगर प्रिंट टीम को भी सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

*घंटों फंसे रहे यात्री, हुई परेशानी*

# ओएचई तार टूटा, रेल यातायात प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

अंबाला-दिल्ली रेल मार्ग पर मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पानीपत में फ्लाईओवर के पास अचानक ओएचई (ओवरहेड इलेक्ट्रिक) तार टूटा। इससे झेलम एक्सप्रेस समेत छह प्रमुख सवारी ट्रेनें प्रभावित हुई और हजारों यात्रियों को घंटों स्टेशन पर फंसे रहे। रेल प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई कर इंजीनियरों को मौके पर भेजा। करीब सवा दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 9:15 बजे तक टूटे तार को दुरुस्त कर दिया।

घटना सुबह 6:55 बजे की है। अचानक ओएचई तार टूटने से अप और डाउन दोनों ओर का रेल यातायात रुक गया। झेलम एक्सप्रेस को पानीपत स्टेशन के पास रोकना पड़ा, जबकि दो अन्य सवारी गाड़ियां सीधे पानीपत स्टेशन पर खड़ी कर दी गईं। कुरुक्षेत्र, सोनीपत व दिल्ली के बीच चलने वाली कई गाड़ियां भी प्रभावित हुईं। रेल यातायात ठप होने से यात्री नाराज हुए। सूचना मिलते ही पानीपत से इंजीनियरों की टीम मौके पर पहुंची। लाइन की बिजली काटकर मरम्मत शुरू की। करीब सवा दो घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 9:15 बजे तार को जोड़कर रेल यातायात बहाल कर दिया गया। इसके बाद सभी प्रभावित ट्रेनों को क्रमवार रवाना किया गया।



सोनीपत। स्टेशन पर खड़ी गाड़ी व बाहर टहलते यात्री

### समय रहते मिले संदेश

यात्रियों का कहना था कि समस्या तकनीकी हो सकती है, लेकिन सूचना तंत्र दुरुस्त होना चाहिए। अगर समय रहते संदेश मिले तो वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। ट्रेनें उनके लिए सबसे विश्वसनीय व सस्ती यात्रा हैं, लेकिन ऐसी घटनाओं से परेशानी बढ़ती है। ऐसी स्थिति में यात्रियों को समय रहते स्पष्ट जानकारी दी जाए और वैकल्पिक इंतजाम किए जाएं।

### यात्री हुए परेशान

सुबह दिल्ली की ओर बड़ी संख्या में नौकरीपेशा व विद्यार्थी सोनीपत से सफर करते हैं। यात्री सुरेश गुप्ता, संदीप कुमार, प्रदीप और हैप्पी सिंह ने बताया कि वे रोजाना की तरह समय से स्टेशन पहुंचे थे, लेकिन जानकारी मिली कि पानीपत में तार टूटने के कारण ट्रेनें नहीं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि रोजाना हजारों लोग दिल्ली कामकाज के लिए जाते हैं और ट्रेनों के लेट होने से उनकी दिनचर्या पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई।

### यह गाड़ियां हुई प्रभावित

| ट्रेन संख्या | नाम | लेट |
|---|---|---|
| 11078 | झेलम एक्सप्रेस | 1:38 घंटे |
| 64462 | सवारी गाड़ी | 3:37 घंटे |
| 64002 | सवारी गाड़ी | 3:29 घंटे |
| 64452 | सवारी गाड़ी | 3:36 घंटे |
| 64470 | सवारी गाड़ी | 3:10 घंटे |
| 64464 | सवारी गाड़ी | 1:12 घंटे |
| 64472 | सवारी गाड़ी | 32 मिनट |

यह ट्रेनें भी देरी से सोनीपत पहुंची

| ट्रेन संख्या | नाम | लेट |
|---|---|---|
| 15707 | आम्रपाली एक्सप्रेस | 2:19 घंटे |
| 20434 | जम्मू मेल | 1:14 घंटे |
| 12217 | ऊंचाहार एक्सप्रेस | 1 घंटा |
| 14508 | इंटरसिटी एक्सप्रेस | 52 मिनट |
| 64454 | सवारी गाड़ी | 3:14 घंटे |
| 12919 | मालवा एक्सप्रेस | 1 घंटा |
| 64465 | सवारी गाड़ी | 1:16 घंटे |
| 11841 | गीता जयंती | 41 मिनट |
| 64531 | सवारी गाड़ी | 51 मिनट |

### दो घंटे प्रभावित रहा संचालन

अंबाला-दिल्ली रेल लाइन पर पानीपत स्टेशन के पास मंगलवार सुबह ओएचई तार टूटी थी। जिससे ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ। इंजीनियर की टीम मौके पर भेजी थी। जिसके बाद ट्रेन परिचालन सुचारू करवाया दिया गया था। यात्रियों को करीब 2 घंटे परेशानी हुई।
*-हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे।*

# पार्कर रेजीडेंसी : अनूप सिंह सरोहा बने प्रधान

- **चुनाव में 142 सदसयों ने लिया भाग, 32 वोटों से मिली जीत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



सोनीपत। नवनियुक्त पदाधिकारी विजयी चिन्ह बनाते हुए।

पार्कर रेजीडेंसी में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए आरडब्ल्यूए चुनावों के नतीजे घोषित हो गए। सभी निवासियों की सक्रिय भागीदारी से 142 वोट डाले गए।

अध्यक्ष पद पर अनूप सिंह सरोहा ने 87 वोट पाकर अरविन्द कुमार (55 वोट) को 32 मतों से हराया। उपाध्यक्ष पद पर पिंकी ने 77 वोट पाकर सुशीला पंवार (64 वोट) को 13 मतों से मात दी। महासचिव पद पर पुष्पा भोलावासी 74 वोट लेकर विजयी रहीं, जबकि उनके प्रतिद्वंदी महिपाल चौधरी को 68 वोट मिले।

संयुक्त सचिव पद पर अंकित गुप्ता ने 83 वोट हासिल कर बीमलेश (59 वोट) को 24 मतों से पराजित किया। कोषाध्यक्ष पद पर स्वाति गर्ग ने 78 वोट पाकर कमल सिंह नौलखा (64 वोट) को 14 मतों से हराया। एक्जीक्यूटिव मेंबर पद पर शीर्ष छह प्रत्याशियों को चुना गया। इनमें कर्मवीर जैन (99 वोट), आशा शर्मा (87 वोट), महेश कुमार मिश्रा (86 वोट), रेनु अरोड़ा (84 वोट), राजेंद्र कुमार जैन (78 वोट) और डॉ. मोनी कुमारी (73 वोट) विजयी घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया के सफल आयोजन पर निवासियों ने संतोष जताते हुए सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी व बेहतर कार्य की उम्मीद जताई।

### राव तुलाराम ने अंग्रेजों से अपनी आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ी

**गोहाना।** गांव वजीरपुरा की बैरागियों वाली चौपाल में राव तुलाराम में बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया। लोगों ने राव तुलाराम को नमन किया। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि राव तुलाराम ने देश को आजाद कराने के लिए अंग्रेजों से आखिरी साथ तक लड़ाई लड़ी। वह 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता थे। विद्रोह काल में हरियाणा के दक्षिण पश्चिमी इलाके से संपूर्ण ब्रिटिश हुकूमत को उखाड़ फेंकने और दिल्ली के ऐतिहासिक शहर में विद्रोही सैनिकों की सैन्य बल, युद्ध सामग्री से देने करने का श्रेय राव तुलाराम को जाता है।

## सेवा पखवाड़ाः पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान

# स्वस्थ थाना, सुरक्षित समाज की नींव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिले के सभी थानों और पुलिस चौकियों में मंगलवार को स्वच्छता कार्य किए गए। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने थानों और चौकियों के प्रांगण, कार्यालयीन कक्षों, रिकॉर्ड रूम और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। पुराने रिकॉर्ड और अनुपयोगी सामग्री को व्यवस्थित ढंग से अलग किया गया, जिससे कार्यस्थल साफ-सुथरा और व्यवस्थित बन सके। अभियान में सभी पुलिस कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और स्वच्छता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।



पुलिस अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता न केवल कार्यस्थल को सुंदर बनाती है, बल्कि यह सकारात्मक ऊर्जा और बेहतर कार्य वातावरण का निर्माण करती है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ थाना सुरक्षित समाज/" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। सेवा पखवाड़ा के तहत सोनीपत पुलिस विभिन्न जनकल्याणकारी और जागरूकता कार्यक्रम भी लगातार चला रही है।

### कार्यस्थल बनाएं सुव्यवस्थित

अभियान के दौरान थानों और चौकियों के प्रांगण, रिकॉर्ड रूम, कार्यालयीन कक्षों तथा आसपास के परिसर की सफाई की गई। अधिकारियों ने पुरानी फाइलों, अनुपयोगी दस्तावेजों और सामग्री को व्यवस्थित ढंग से अलग कर, कार्यस्थलों को सुव्यवस्थित बनाने पर जोर दिया।



# मस्ती 4 में इस बार होगा विवेक-रितेश आफताब के साथ चार गुना धमाका

**मुंबई।** 'मस्ती 4' के निर्माताओं ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म का टीजर रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस बार पहले से भी ज्यादा पागलपन, मस्ती और दोस्ती देखने को मिलेगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, 4x दोस्ती और 4x कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है।' 'मस्ती' पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया ने अभिनय किया था।

## लाइफ Style

# दीपिका

## 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 एडी 2' से बाहर होते ही जैकपॉट हाथ लगा है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को हॉलीवुड फिल्म मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि दीपिका की ये अगली हॉलीवुड फिल्म विन डीज़ल के साथ हो सकती है।*

हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण की बढ़ती डिमांड के चलते उन्हें प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से संदीप रेड्डी वांगा ने बाहर कर दिया था। इस खबर ने हर सुनने वालों को काफी हैरान किया था। अब पिछले दिनों दीपिका के 'कल्कि 2898 एडी' से बाहर होने की खबर ने भी सबको हक्का-बक्का कर दिया। ये खबर प्रोडक्शन हाउस ने खुद शेयर की थी। अब कहा जा रहा है कि इन फिल्मों से आउट हो चुकीं दीपिका को बड़ी हॉलीवुड फिल्म हाथ लगी है। माना जा रहा है कि दीपिका हॉलीवुड में करीब 9 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। चर्चा है कि वो विन डीज़ल के साथ 'एक्सएक्सएक्स' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कर सकती हैं। दरअसल, हॉलीवुड स्टार विन डीज़ल ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसे देखकर फैन्स मान रहे हैं कि इसमें दीपिका होंगी। विन डिज़ल ने इस पोस्ट में एक्सएक्सएक्स के नए पार्ट का जिक्र किया। इसी के साथ ऐसा इशारा है कि इस बार फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो सकती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, 'शेयर करने के लिए बहुत कुछ है,ऐसी आइकॉनिक कहानियां जो किसी गहरे एहसास से जुड़ी हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# जिमी किमेल कर रहे वापसी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं।



# मौन साधना के लिए आना चाहती हैं भारत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेनिफर एनिस्टन ने एक खास बातचीत में बताया कि वो चाहती हैं कि उनकी अगली भारत यात्रा आध्यात्मिकता पर फोकस हो। वो भारत में एक मौन साधना में भाग लेना चाहती हैं। साथ ही मेडिटेशन के एक्सपीरियंस की भी इच्छा जताई है। दुनियाभर में पॉपुलर सीरीज 'फ्रेंड्स' में रेचल ग्रीन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन चर्चा में हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वो इस बार स्प्रिचुअल एक्सपीरियंस के लिए भारत आना चाहती हैं। भारत में उनकी अगली जर्नी मेडिटेशन और मौन साधना को लेकर हो सकती है। जेनिफर एनिस्टन ने ये सारी बात, साथी कलाकार रीज विदरस्पून के साथ भारत से जुड़े अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए की। जेनिफर और रीज एक बार फिर 'द मॉर्निंग शो' के चौथे सीजन में लीड रोल में नजर आ रही हैं।



# रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज के साथ आईं नजर

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु काफी वक्त से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है। हाल ही में सामंथा को मुंबई के बांद्रा में मौजूद एक जिम में देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु पहले निकलते हुए दिखाई दिए। कुछ देर बाद अभिनेत्री बाहर निकलती हुई दिखाई दीं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का नाम निर्देशक राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। सामंथा ने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में सामंथा ने दुबई से एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में उन्होंने एक शख्स का हाथ पकड़ा था।



# एआई से तैयार वीडियो पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को मिल रही प्रशंसा से उत्साहित हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एआई से बनाई गई उनकी एक वीडियो पर नाराजगी जताई है। साथ ही इसको लेकर स्पष्टीकरण जारी करते हुए इस तरह की खबरों का खंडन करने की बात कही है। दरअसल, एक वीडियो में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इन दावों का खंडन किया और इस तरह की छेड़छाड़ की गई सामग्री के तेजी से फैलते प्रसार पर चिंता व्यक्त की। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा, मुझे हाल ही में एक फिल्म के ट्रेलर के कुछ एआई-जनरेटेड वीडियो मिले हैं।

## टीवी मसाला



# तान्या बनीं रानी तो अमाल ने खिलाया अपने हाथों से खाना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने धमाकेदार एपिसोड और कंटेस्टेंट्स की शानदार लाइन-अप से दर्शकों का दिल जीत रहा है। नया एपिसोड भी कुछ अलग नहीं रहा, क्योंकि इसमें कई मजेदार पल दिखाए गए। सबसे बड़ी चीजों में से एक, जिसने सबका ध्यान खींचा, वह था जब अमाल मलिक ने अवेज दरबार पर नकली फॉलोअर्स होने का आरोप लगाया। इसके बाद काफी कहा सुनी हुई। अब नए एपिसोड का प्रोमो भी आ गया है। साथी घरवालों के साथ बातचीत में, अमाल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अवेज के असली फॉलोअर्स हैं। मुझे लगता है कि 30 मिलियन में से 25 मिलियन फेक हैं क्योंकि मैंने देखा है कि उनका ट्रैक्शन कितना ज्यादा है। मैं उन्हें अपने गानों के प्रचार के लिए पैसे देता हूं और इसीलिए वह अब तक मुझसे नहीं लड़ रहे थे और अगर वह असली मर्द हैं, तो मेरे गानों का इस्तेमाल नहीं करेंगे।' इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है। शो के नए प्रोमो में तान्या मित्तल और अमाल मलिक घर के राजा-रानी बने हैं और शहबाज उन्हें पंखा हिलाकर हवा दे रहे हैं। जीशान ने भी तान्या को पानी पिलाया। प्रोमो में शहबाज तान्या को खाने की प्लेट दे रहे हैं। अमाल आकर अपने हाथों से खाना खिलाते हैं। शहबाज खड़े होकर पंखा हिलाते हैं। जीशान आकर उन्हें पानी पिलाते हैं। उन्हें शहबाज महाराजा के पिता कहते हैं। दूसरे प्रोमो में प्रणित अलग ही मूड में नजर आ रहे हैं। उनकी अमाल से लड़ाई हो जाती है।

## जया के सवाल से बिग बी की बोलती हो गई थी बंद

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन भी दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही में सामने आए एक प्रोमो में लेटेस्ट एपिसोड की कुछ झलकियां नजर आ रही हैं। इनमें बिग बी ने बताया कि कैसे शो में जया के आते ही उनकी बोलती बंद हो गई थी। प्रोमो में शो में बतौर कंटेस्टेंट पल्लवी हॉट सीट पर नजर आ रही हैं। बिग बी से उन्होंने अपनी बेटियों को बुलाने की बात कही. पल्लवी की बेटियां से अमिताभ ने बात भी। इस दौरान बिग बी पल्लवी की छोटी बेटी के ट्रेडिशनल आउटफिट और मोगरे के गजरे को देखकर खुश हो जाते हैं और बताते हैं कि उनकी पत्नी जया को भी गजरा पहनना बहुत पसंद है। शो के दौरान पल्लवी कहती हैं कि जब आप सामने होते हो तो हर कंटेस्टेंट्स अपने जवाब भूल जाता है और वह सही जवाब नहीं दे पाता। ये सुनते ही अमिताभ जया से जुड़ा किस्सा शेयर करते हैं और कहते हैं कि जो लोग शो देखते हैं, उन्हें पता है कि एक बार जया बच्चन होस्ट बनी थी और मैं कंटेस्टेंट् उस वक्त मेरी भी हालत बहुत खराब हो गई थी।



# इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखता है सांकेतिक भाषा का महत्व

***नई दिल्ली।*** *भाषा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संकेत भी उतने ही शक्तिशाली माध्यम हैं। यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो सुनने-बोलने में सक्षम नहीं होते हैं। सिनेमाई दुनिया में ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें इन संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है।*

**कोशिश** : गुलजार के निर्देशन में साल 1972 में एक फिल्म आई 'कोशिश'। इस फिल्म में संजीव कुमार और जया भादुड़ी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक मूक-बधिर जोड़े के संघर्षों पर आधारित है, जिसमें दिखाया जाता है कि वो संकेतों के जरिए बात करके अपना जीवनयापन करते हैं। यह फिल्म थी, जिसने शारीरिक विकलांगता को पर्दे पर दिखाने का काम किया था।

**खामोशी-द म्यूजिकल** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में साल 1996 में 'खामोशी द म्यूजिकल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, मनीषा कोइराला, नाना पाटेकर जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी में एक बधिर दंपती जोसेफ और फ्लेवी ब्रगेंजा हैं। उनकी एक बच्ची है एनी, जो नॉर्मल है। इस फिल्म में भी सांकेतिक भाषा का प्रयोग दिखता है।



**इकबाल** : नागेश कुकनूर द्वारा निर्देशित फिल्म इकबाल साल 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक क्रिकेट खेलने वाले मूक-बधिर इकबाल की है, जिसके संघर्ष और जुनून की कहानी को दिखाया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके है।

**बर्फी** : रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत 'बर्फी' 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बर्फी नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है, जो मूक और बधिर है। एक दिन उसे श्रुति नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। इसके बाद दोनों सांकेतिक भाषा में बात करते हैं और दोनों के बीच में प्यार गहरा हो जाता है। यह फिल्म दर्शकों को लुभाने का काम करती है।

# अधीरा में आमने-सामने होंगे कल्याण और सूर्या

***मुंबई।*** *शरण कोप्पिसेट्टी के निर्देशन में बन रही अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'अधीरा' के निर्माताओं ने इसका पहला लुक जारी किया है। इसमें कल्याण दसारी और एसजे सूर्या को दिखाया गया है। पहला पोस्टर दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। इसे आरके दुग्गल ने प्रस्तुत किया है और रिवाज रमेश दुग्गल इसके निर्माता हैं। पोस्टर में एक विशाल ज्वालामुखी फटता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे आसमान में आग फैल रही है। इस अफरा-तफरी के बीच एसजे सूर्या बदले हुए नजर आ रहे हैं। उनके आदिवासी कवच उन्हें बैल जैसे सींगों वाले एक राक्षस जैसा दिखा रहे हैं। उनके सामने कल्याण दसारी निडरता से घुटनों के बल बैठे हैं। उनकी आंखें खौफनाक लग रही हैं। उन्होंने खास तरह का वैज्ञानिक सूट पहना है। यह फिल्म कल्याण दसारी के अभिनय कॅरियर की शुरुआत है। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' का निर्माण किया है। '*




## मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल हो जाता है खुश

# वो कर्णप्रिय धुन, जिस पर पांच संगीतकारों ने बनाए ये गाने

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड सॉन्ग दिल को सुकून देते हैं। आप कितने भी तनाव में हों, अगर कोई मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल खुश हो जाता है। टेंशन छू मंतर हो जाता है। वैसे तो हर फिल्म के गाने और उनकी धुन अलग होती है, लेकिन बॉलीवुड में एक धुन ऐसी है, जिस पर 10 गाने बने। इन गानों को लोगों ने बहुत पसंद किया। इन गानों को आपने जरूर सुना होगा।*

### ठंडी हवाएं, लहराके आएं

1951 में आई फिल्म नौजवान संगीतकार एसडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। इस फिल्म की एक धुन पर 11 गाने बनाए गए। गाने के बोल थे : 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं..'. गाने के आवाज दी थी लता मंगेशकर ने। फिल्म का डायरेक्शन महेश कौल ने किया था। फिल्म में प्रेमनाथ, नलिनी जयवंत, यशोधरा काटजू, कमल मेहरा, जेब कुरैशी, एसएन बनर्जी नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक एसडी बर्मन ने दिया था। गीतकार साहिर लुधियानवी थे। इस धुन से प्रेरित होकर दूसरे संगीतकारों ने भी गाने बनाए। फिर चाहे वो संगीतकार रोशन हों या राम लक्ष्मण, या मदन मोह. एसडी बर्मन के बेटे आरडी बर्मन ने तो चार बार इस धुन का इस्तेमाल अलग-अलग फिल्मों में किया।. इसका खुलासा भी आरडी बर्मन ने ही अपने एक इंटरव्यू में किया था।




### नगमा हमारा गाएगा ये जमाना

पांचवीं बार यही धुन 1976 में आई फिल्म 'बंडलबाज' में सुनने को मिली थी। गाने को आवाज रफी-लता ने दी थी। गीत के बोल थे : नगमा हमारा गाएगा ये जमाना। फिल्म के डायरेक्टर शम्मी कपूर थे। म्यूजिक आरडी बर्मन ने दिया था। एक तरह से आरडी बर्मन ने अपने पिता की धुन में थोड़ा बहुत बदलाव करके नया गाना बना दिया। राजेश खन्ना, शम्मी कपूर और सुलक्षणा पंडित फिल्म में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही थी।

### तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है...

1954 में 'चांदनी चौक' में इस धुन का इस्तेमाल करके फिर से एक गाना बनाया गया। 'चांदनी चौक' का डायरेक्शन बीआर चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मीना कुमारी लीड रोल में थी। म्यूजिक रोशन ने दिया था। उन्होंने एसडी बर्मन की धुन में थोड़ा सा फेरबदल करके म्यूजिक कंपोज किया। गाने को आवाज आशा भोसले ने दी थी। गाने के बोल थे : 'तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है।' इस गाने की शुरुआती धुन 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं...' से ही प्रेरित थी।

### यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने

तीसरी बार इसी धुन पर एक सॉन्ग 1964 में आई फिल्म 'आपकी परछाइयां' में सुनाई दी। फिल्म में धर्मेंद्र, शशिकला, ओम प्रकाश और सुप्रिया चौधरी नजर आए थे। मोहन कुमार ने फिल्म का डायरेक्शन किया था। म्यूजिक मदन मोहन ने दिया था। इस फिल्म का एक गाना 'यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने, मेरी जान जाए, मेरी जान जाए....' नौजवान मूवी के सॉन्ग से ही प्रेरित था। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी थी।

### रहें ना रहें हम महका करेंगे बनके कली...

1966 में संगीतकार रोशन ने एक फिर से इस धुन का इस्तेमाल अपनी एक और फिल्म में किया। फिल्म थी : ममता. गाने के बोल थे : 'रहें ना रहें हम, महका करेंगे, बनके कली...' । असित सेन ने फिल्म को डायरेक्ट किया था। सुचित्रा सेन, धर्मेंद्र और अशोक कुमार इस फिल्म में अहम भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। यह गाना फिल्म में दो बार रखा गया था। एक बार लता मंगेशकर की आवाज में सोलो सॉन्ग और दूसरी बार मोहम्मद रफी-सुमन कल्याणपुर का ड्यूट सॉन्ग। यह चौथा मौका था जब एक ही धुन पर कोई गाना बना।

## खबर संक्षेप

### थाना कलां सड़क मार्ग बदहाल, चालक परेशान

**खरखौदा।** थाना कलां मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बरसात का पानी भरने से स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। इस कारण वाहन चालकों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है। कई बार वाहनों के टायर पंचर हो जाते हैं, तो कई बार दुर्घटनाएं होते होते बची हैं।

### सहायक शिक्षण वातावरण बनाने के उपाय बताए

**सोनीपत।** गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में हैप्पी क्लास रूम्स पर एक दिवसीय सत्र आयोजित किया गया। इसका संचालन सपना त्यागी और अंजू ने किया। दीप प्रज्वलन व प्रार्थना के साथ आरंभ हुए इस सत्र में संसाधन व्यक्तियों ने शिक्षकों को सकारात्मक व सहायक शिक्षण वातावरण बनाने के उपाय बताए। कक्षा में छात्रों की भागीदारी और रचनात्मकता बढ़ाने के लिए प्रभावी तरीकों पर चर्चा हुई। शिक्षकों ने अनुभव साझा कर उपयोगी सुझाव प्राप्त किए। अंत में प्रतिभागियों ने संसाधन व्यक्तियों का आभार जताया।

### पशु अस्पताल का निर्माण न होने पर दी शिकायत

**गन्नौर।** गुमड़ गांव में पशु अस्पताल के निर्माण में लापरवही बरतने के मामले में मुख्यमंत्री को सीएम वींडो पर शिकायत देकर आरटीआई कार्यकर्ता सहदेव ने कार्रवाई की मांग की। सीएम वींडो में दी शिकायत में सहदेव ने बताया कि गांव गुमड़ में 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने मांग स्वीकृत करते बनवाने की घोषणा की थी। उसके बाद बजट स्वीकृत हुआ, टैंडर हुआ और निर्माण कार्य शीघ्र पूरा होने की उपेक्षा थी। शिकायत में आरोप है कि अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही के कारण अस्पताल का निर्माण नही हुआ।

### सोनीपतः नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत की ओर से जानकारी दी गई है कि 13 दिसम्बर (शनिवार) को सोनीपत जिला न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत सोनीपत के साथ उपमंडल गोहाना, गन्नौर और खरखौदा में भी आयोजित होगी। इस दौरान आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया

**सोनीपत।** दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के प्रभावी क्रियान्वन एवं इसके सुचारू संचालन के संबंध में मंगलवार को कैंप कार्यालय में उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बताया कि 25 सितंबर को जिला स्तर पर दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ सामान्य अस्पताल सोनीपत में मुख्यअतिथि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, डीआरडीए हॉल में सोनीपत विधायक निखिल मदान, सिविल अस्पताल गोहाना में राई विधायक कृष्णा गहलावत, सीएचसी खरखौदा में विधायक पवन खरखौदा, सीएचसी गन्नौर में विधायक देवेन्द्र कादियान, सीएचसी पुरखास में देवेन्द्र कौशिक द्वारा किया जाएगा।

### शिक्षकों के लिए निरंतर सीखना आवश्यक

**सोनीपत।** सर छोटूराम मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रतनगढ़ माजरा में मंगलवार को सीबीएसई इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन सीबीएसई रिसोर्स पर्सन अमित दहिया ने किया, जिनका विषय था 'कक्षा प्रबंधन'। कार्यक्रम की शुरुआत उप-प्राचार्या अनिता लोहचब ने मुख्य अतिथि अमित का स्वागत कर की। प्रधानाचार्य डॉ. मेहर सिंह ने संबोधन में कहा कि शिक्षकों के लिए निरंतर सीखना आवश्यक है कार्यशालाएं शिक्षण प्रक्रिया को आधुनिक बनाती हैं।

---

उपायुक्त मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि हरियाणवी गायक केडी देसी रॉक रहे

# गन्नौर घातक को हराकर पानीपत पैंथर ने टूर्नामेंट पर जमाया कब्जा

**एचसीसीएल सीजन 4 फाइनल मुकाबला : टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

यूनिक क्रिकेट स्टेडियम गन्नौर में खेले गए एचसीसीएल सीजन 4 फाइनल मुकाबले में पिछले तीनों सीजन के अजय कप्तान सैंडी भारद्वाज की टीम गन्नौर घातक को हराकर पानीपत पैंथर ने टूर्नामेंट जीता। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि सोनीपत के उपायुक्त आईएएस सुशील सारवन व विशिष्ट अतिथि मसूर हरियाणवी गायक केडी देसी रॉक, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, प्रवीण वर्मा ने शिरकत की। उपायुक्त का स्टेडिम में निदेशक अजय गोयल, दीपक गोयल आदि ने स्वागत किया। भाजपा नेता निशांत छोकर ने मंच की व्यवस्था संभाली। टूर्नामेंट एचसीसीएल सीजन 4 के फाइनल मुकाबले में टाइटल स्पान्सर ए.एस कृष्णा की टीम गन्नौर घातक के कप्तान सैंडी भारद्वाज ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया,पानीपत पैंथर की टीम ने कप्तान रोमी हुड्डा के शानदार 59 रन की पारी की सहायता से 188 रन का लक्ष्य रखा ,गन्नौर की तरफ से सैंडी भारद्वाज ने तीन विकेट चटकाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी गन्नौर घातक की टीम योगी अंजना के 52 रन की शानदार पारी के बावजूद 142 रन पर ही सिमट गई और पानीपत पैंथर नें 45 रनों से फाइनल मुकाबला अपने नाम किया,फाइनल मैच में रोमी हुड्डा मैन ऑफ द मैच रहे,यूके हरियाणवी और रोहित फरलिया सुपर परफॉर्मर ऑफ द मैच चुने गए, टूर्नामेंट में मेन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बैट्समैन सैंडी भारद्वाज रहे। उन्होंने पाँच मुकाबलों मे एक शतक और तीन अर्द्ध शतक की सहायता से कुल 350 रन बनाए,जीत घनघस ने टूर्नामेंट में कुल 11 विकेट लिए और टूर्नामेंट के बेस्ट बॉलर रहे,टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। उपायुक्त सुशील और देशी रॉक ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की,गोल्डी गिल, अमित ढुल्ल, केपी कुंडू, मनजीत, सुशील ने शानदार प्रस्तुतियो से दर्शकों का दिल जीत लिया।


गन्नौर। विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते उपायुक्त सुशील सारवन व गायक।

**ये रहे मौजूद**

गन्नौर नगर पालिका प्रधान अरुण त्यागी, धीरज कुमार, सन्नत जैन, अजय गोयल, अमित जैन, लायंस क्लब सोनीपत प्रधान रोजी लूथरा, अनिल लूथरा, लायंस क्लब प्रधान गन्नौर गौरव त्यागी, लायन विपिन त्यागी, रजत हांडा, शालू, सोनू गोयल, विजय मास्टर, अजय यादव, विजय गोयल, डॉ. सुनील वर्मा, पार्षद हरविंदर त्यागी, संदीप सिंगला, सुरेश पंघाल, दीप धनखड़, सोनू, बिजेंद्र जैन, दीपक मलिक, विजय पहल, दिनेश गौतम, सम्मी धनखड़ आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन ने यूनिटी टूर्नामेंट से दी कई प्रतिभाओं को उड़ान

**सोनीपत।** हरियाणा व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन (एचडब्ल्यूसीए) ने दिव्यांग क्रिकेट के भविष्य को संवारने और नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सोनीपत के मुरथल स्थित मामचंद क्रिकेट क्लब में यूनिटी टूर्नामेंट 2025 का सफल आयोजन किया। 19 सितंबर से शुरू हुए इस तीन दिवसीय आयोजन में हरियाणा ए बनाम हरियाणा बी चयन ट्रायल्स के तहत पूरे प्रदेश से आए 60 से अधिक व्हीलचेयर क्रिकेटरों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन हरियाणा में पैरा-खेलों के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए एचडब्ल्यूसीए को पूर्ण समर्थन का भरोसा दिया और हरियाणा की व्हीलचेयर क्रिकेट टीम को मजबूत बनाने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का वादा किया। उनके इस आश्वासन से खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा हुआ और दिव्यांग खेलों को आगे बढ़ाने में सरकारी व सामाजिक सहयोग की महत्ता स्पष्ट हुई।

### संयुक्त अभ्यास सत्र से टूर्नामेंट प्रारंभ

टूर्नामेंट की शुरुआत संयुक्त अभ्यास सत्र से हुई, जिसमें नए खिलाड़ियों को व्हीलचेयर क्रिकेट के नियमों से परिचित कराया गया और उन्हें नेट अभ्यास का अवसर दिया गया। वरिष्ठ खिलाड़ियों ने नए प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया और उनकी खूबियों व कमजोरियों का आकलन कर अनुशासन और खेल भावना को प्रोत्साहित किया। पहले दिन नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया, जबकि दूसरे और तीसरे दिन के मैचों में वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ शीर्ष प्रदर्शन करने वाले नए खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया।


सोनीपत। खिलाड़ियों के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली एवं अन्य।



सोनीपत। मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## आयुर्वेद प्राचीन पद्धतिः मेयर

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए घर-घर आयुर्वेद जन-जन आयुर्वेद का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद प्राचीन पद्धति है, जो रोगों को जड़ से खत्म करती है। यह हमारी विधा है जिसका अधिकाधिक प्रचार-प्रसार होना चाहिए। मंगलवार को राजीव जैन ने राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जिला आयुर्वेद विभाग द्वारा महाराणा प्रताप चौक से आयुर्वेद मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया। यह संदेश वास्तविक है, जिसको अमल में लाना चाहिए। स्वास्थ्य बेहतरीन होने पर ही हम कोई भी कार्य सही प्रकार से कर सकते हैं। बीमार शरीर के साथ प्रगति पथ पर आगे बढ़ना संभव नहीं है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमें आयुर्वेद की ओर कदम बढ़ाने चाहिए। मैराथन दौड़ एवं आयुर्वेद दिवस को सफ़ल बनाने में डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. जयदीप सिवाच, डॉ. विनय चौधरी, डॉ. दीक्षा, डॉ. अंकिता आदि मौजूद रहे।

## खेल भावना के साथ खेलें खिलाड़ी : शर्मा

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत में सीबीएसई नेशनल टेनिस चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ बड़े उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। यह प्रतियोगिता 23 सितम्बर से 30 सितम्बर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर से आए खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रवेश तोमर (एएसआई, दिल्ली पुलिस एवं पूर्व छात्र ऋषिकुल विद्यापीठ) ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। विशिष्ट अतिथि त्रिभुवन कौशिक ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने संबोधन में खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ भाग लेने का संदेश दिया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। निदेशक धीरज शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इस आयोजन की मेजबानी करना संस्थान के लिए गर्व की बात है। उपप्रधानाचार्या कृति चौधरी ने कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने विद्यालय की ओर से सभी प्रतिभागियों व अधिकारियों का स्वागत करते कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं।


सोनीपत। प्रतियोगिता के दौरान खेलती एक खिलाड़ी।

## सारिका ताइक्वांडो में राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगी प्रतिभा

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा सारिका ने स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की तरफ से आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 16 से 18 सितंबर तक ऋषिकुल विद्यापीठ में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली सारिका का चयन राष्ट्रीय स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए किया गया है। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विजेता खिलाड़ी को जीत की बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों की टीमों ने प्रतिभागिता की थी। साउथ पॉइंट स्कूल की तरफ से 12वीं कक्षा की विज्ञान संकाय की छात्रा सारिका ने अंडर-19 आयु वर्ग के 44 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। सारिका के शानदार खेल को देखते हुए निर्णायक मंडल ने उसका चयन एसजीएफआई की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया है। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि आने वाले नेशनल टूर्नामेंट में भी सारिका जरूर पदक जीतकर लौटेगी, हमें पूरा विश्वास है।


सोनीपत। चेयरमैन व सीईओ के साथ पदक विजेता खिलाड़ी।

## रनर-अप ट्रॉफी पर इंडियन स्कूल के खिलाड़ियों का कब्जा

**सोनीपत।** कुरुक्षेत्र के लाडवा में 15 से 18 सितम्बर तक आयोजित हरियाणा स्कूल स्टेट जूडो चैम्पियनशिप में इण्डियन स्कूल सोनीपत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 पदक जीते और रनर-अप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य के लगभग 600 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर-17 वर्ग में लवनीत ने 63 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक, शौर्य ने 66 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक, सृष्टि ने 57 किलोग्राम और तपस्वी ने 60 किलोग्राम में कांस्य पदक, जबकि नितिन ने 81 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-14 वर्ग में एलिना ने +44 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, नमन ने 45 किलोग्राम और मिनाक्षी ने 40 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर जिले, विद्यालय, माता-पिता और कोच का नाम रोशन किया। विद्यालय प्राचार्य राजेन्द्र सिंह ने पदक विजेता खिलाड़ियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय जूडो कोच सतपाल गुलिया के अथक परिश्रम को दिया, जिनके सानिध्य में खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीत चुके हैं।


सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्य एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

## तनीषा ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) की खिलाड़ी तनीषा ने 58 वीं हरियाणा स्कूल स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर सोनीपत जिले का नाम रोशन किया है। सोनीपत में आयोजित स्कूल स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप के दौरान उसने लड़कियों के अंडर-14 आयु वर्ग के 24 किलो भार वर्ग के मुकाबले में जोरदार फाइट करते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। चैंपियनशिप में उसने अपनी प्रतिभा व प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। तनीषा अब स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगी। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने तनीषा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।


सोनीपत। स्वर्ण पदक विजेता तनीषा विद्यालय की प्राचार्या गीता चोपड़ा, कोच रजनी शर्मा व खेल इंचार्ज संजीत के साथ। फोटो :हरिभूमि

# अग्रवाल समाज ने महाराजा अग्रसेन की 5179वीं जयंती धूमधाम से मनाई

- अग्रवाल समाज ने हवन, माल्यार्पण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया जयंती उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अग्रवाल समाज ने सोमवार 22 सितंबर को महाराजा अग्रसेन की 5179वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई। समारोह का आयोजन महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में अग्रसेन भवन, सेक्टर 14 में किया गया।

समारोह से पूर्व रविवार शाम को महाराजा अग्रसेन चौक और अग्रसेन परिसर में दीप प्रज्वलन किया गया। सोमवार को सुबह अग्रसेन परिसर में हवन का आयोजन किया गया, उसके बाद अग्रसेन भवन और मुरथल रोड पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शाम को अग्रवाल समाज के सदस्यों ने जुलूस के रूप में प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और अग्रसेन भवन में मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए।


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

कविता राजीव जैन, वीरेन्द्र बंसल, सोहन लाल जिंदल, अरुण बंसल, डॉ. सुरेश कानन गोयल, हरिप्रकाश मंगला, संजय सिंगला, राजेंद्र जैन, रवि मित्तल, अशोक गर्ग, पवन अग्रवाल, विकास मंगला, बबीता जिंदल, अनुज मंगला, अनुज अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, राजेंद्र खेड़ी, देवेंद्र, दिनेश कुच्छल, संगीता मंगला, मोनिका गर्ग आदि मौजूद रहे।

# आरपीएस में स्कॉलरशिप परीक्षा 28 को

- स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के माध्यम से 11वीं के 120 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि:शुल्क : इंजी. मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 28 सितम्बर को स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा तीसरी से 9वीं व 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए कक्षा 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट (मनिटीज) के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं।



आरपीएस विद्यालय।

**पंजीकरण अनिवार्य**

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबह 10:30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण की परीक्षा के बाद आरपीएस ग्रुप करेगा, जिन्हें विद्यालय में नि:शुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की परीक्षा की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी। अभिभावक अपने-अपने बच्चों का पंजीकरण विद्यालय की वेबसाइट से करवा सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी अपना पंजीकरण परीक्षा के दिन सुबह नौ से लेकर 10 बजे तक भी करवा सकते हैं। सीईओ मनीष राव ने बताया कि आरपीएस ग्रुप अभिभावकों के विश्वास पर पूर्ण रूप से कायम है। इसी का नतीजा है कि आज ग्रुप के बच्चे शिक्षा ही नहीं खेल, कला, कल्चरल, विभिन्न जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता सहित अन्य हर क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य यहां आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सर्वोत्तम शिक्षा उपलब्ध करवाना है, जिससे समाज के हर वर्ग के बच्चों का सपना पूरा हो और वे देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर सके।

# 1857 की क्रांति में राव तुला राम का योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा


गन्नौर। वीर शिरोमणि राव तुलाराम को श्रद्धांजलि अर्पित करते स्कूल निदेशक अजय यादव व छात्र। फोटो :हरिभूमि

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल, शेखपुरा में शहीदी दिवस के अवसर पर वीर शिरोमणि राव तुलाराम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिक्षकों व छात्रों ने 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में राव तुला राम के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर हुई। स्कूल के बच्चों ने मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को याद किया और देशभक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण को ओजस्वी बना दिया। बच्चों ने राव तुला राम के जीवन और उनके शौर्य पर आधारित लघु नाटिका भी प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यालय के संचालक अजय यादव और अरुण गौतम ने राव तुला राम की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति में राव तुला राम का योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। अजय यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम जिस आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं।

# डेंगू-मलेरिया को लेकर विभाग अलर्ट

- विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर कर रहे स्लाइड तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। विभाग की ओर से 164 टीमों का गठन कर घर-घर जाकर लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक करने और बचाव के उपाय बताए जा रहे है। साथ ही लापरवाही बरतने वालों को नोटिस जारी कर रही है। विभाग की टीमों की तरफ से संदिग्ध क्षेत्र में फॉगिंग तक करवाई जा रही है।

जिला नोडल अधिकारी डा. आशा सहरावत ने बताया कि अब तक जिले में 56 डेंगू के मरीज सामने आ चुके है। मलेरिया के 14 केस भी दर्ज किए गए है। बढ़ते मामलों को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। डा. सहरावत ने बताया कि टीमें घर-घर जाकर मच्छरों के पनपने वाले स्थानों की जांच कर रही हैं और लोगों को सफाई बनाए रखने की सलाह दे रही है। संदिग्ध के ठिकानों पर फॉगिंग की कार्रवाई भी की जा रही है ताकि लारवा को नष्ट किया जा सके।


सोनीपत। जागरूक करने के लिए बांटे पम्पलेट व स्लाइड के लिए सैंपल लेते।

**नोटिस जारी किए जा रहे**

उन्होंने कहा कि अगर किसी घर में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे है। साथ ही, टीम द्वारा ब्लड स्लाइड तैयार की जा रही है, जिससे मरीजों में डेंगू और मलेरिया की जांच समय पर की जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि घरों के आसपास पानी न जमा होने दें, कूलर और टैंकों की नियमित सफाई करें और किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं।


गोहाना। बाढ़ पीड़ितों के लिए एकत्रित की राशि के साथ विधायक व ग्रामीण।

# ग्रामीणों ने बाढ़ पीड़ितों के लिए बढ़ाया मदद का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव गंगाना के ग्रामीणों ने जिला भिवानी के तोशाम क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। ग्रामीणों ने बाढ़ पीड़ितों के लिए 7 लाख 50 हजार रुपये नकद राशि और 50 हजार रुपये की राहत सामग्री भेजी है। बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल (भालू) ने राहत सामग्री से भरे वाहनको हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने कहा कि सेवा, समर्पण और सहयोग ही हमारी सनातन संस्कृति है। हमें अपने इस सांस्कृतिक मूल्यों को सहेज कर रखने की जरूरत है ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी ये संस्कार दे सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रांत के जिला भिवानी में तोशाम क्षेत्र के गांव सागवान, लितानी और चनेत में बाढ़ के कारण भारी तबाही हुई है।

# नवरात्र में जौ बोने की परंपरा : समृद्धि विज्ञान और आस्था का अद्भुत संगम

**वैज्ञानिक दृष्टि से सबसे पहले अंकुरित होते हैं जौर इसीलिये जीवन शक्ति का हैं प्रतीक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शारदीय नवरात्रि का पर्व देशभर में आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। मां दुर्गा की साधना और कलश स्थापना के साथ ही हर घर में एक विशेष परंपरा निभाई जाती है—कलश के समीप मिट्टी के पात्र में गेहूं और जौ बोना। यह परंपरा केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि जीवन, कृषि और समाज से गहराई से जुड़ी हुई है। जौ की छोटी-सी बाली न केवल मां दुर्गा के आशीर्वाद का प्रतीक है, बल्कि यह जीवन की समृद्धि, कृषि की उर्वरता और मानव सभ्यता की आध्यात्मिक धरोहर का जीवंत उदाहरण भी है।

ज्योतिषाचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा बताते हैं कि नवरात्रि में जौ बोने का विधान शास्त्रसम्मत है। तैत्तिरीय उपनिषद में अन्न को ईश्वर का स्वरूप माना गया है - अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात। वहीं ऋग्वेद में अन्नों के बीच जौ (यव) को विशेष महत्व दिया गया है। मान्यता है कि जब ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की, तो वनस्पतियों में सबसे पहले जौ ही प्रकट हुआ। यही कारण है कि इसे



पूर्णसस्य यानी संपूर्ण फसल कहा गया और जौ को अन्नपूर्णा का प्रतीक माना गया।

डॉ. मिश्रा के अनुसार नवरात्रि दो ऋतुओं के संधिकाल में आते हैं। चैत्र नवरात्र सर्दी और गर्मी के बीच, जबकि शारदीय नवरात्र गर्मी और सर्दी के बीच आते हैं। इस दौरान रबी और खरीफ दोनों फसलें तैयार होती हैं। ऐसे में भूमि की गुणवत्ता जानने और आने वाली फसलों का अनुमान लगाने के लिए जौ बोने की परंपरा शुरू हुई। वैज्ञानिक दृष्टि से भी जौ सबसे पहले अंकुरित होते हैं, इसलिए इन्हें नई ऊर्जा, उर्वरता और जीवन शक्ति का प्रतीक माना जाता है।

### जौ से जुड़े उपाय

डॉ. मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि के अंत में जब जौ का विसर्जन किया जाता है, तो उनके कुछ अंश विशेष उपायों में प्रयोग किए जा सकते हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोग जौ की बाली को लाल वस्त्र में बांधकर तिजोरी में रखें तो धन वृद्धि और सौभाग्य में वृद्धि होती है। घर में वास्तु दोष या नकारात्मक ऊर्जा होने पर लाल वस्त्र में बांधकर इन्हें मुख्य द्वार पर रखने से नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं और घर में सुख-शांति व समृद्धि आती है।

### जौ धरती को उपजाऊ बनाने का सबसे अच्छा साधन

डॉ. मिश्रा कहते हैं कि नवरात्रि में जौ बोना केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह परंपरा जीवन की वास्तविकताओं और वैज्ञानिक तथ्यों से भी जुड़ी है। जौ धरती को उपजाऊ बनाने का सबसे अच्छा साधन है। वसंत ऋतु में जब बाकी पौधे मुरझा जाते हैं, तब भी जौ की बालियां दानों से लदी खड़ी रहती हैं। यही शक्ति और धैर्य का संदेश नवरात्रि साधना से जुड़ता है। नवरात्रि उपासना में जौ बोने का शास्त्रीय विधान सुख, शांति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। यह परंपरा आज भी हर घर में मां दुर्गा की कृपा पाने और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के उद्देश्य से आस्था और विश्वास के साथ निभाई जाती है।

### धार्मिक मान्यता और संकेत

- नवरात्र में उगे जौ घर-परिवार की स्थिति के दर्पण माने जाते हैं।
- हरे जौ सुख-समृद्धि और लक्ष्मी का प्रतीक हैं।
- पीले जौ धर्म और अध्यात्म का द्योतक माने जाते हैं।
- आधे हरे और आधे पीले जौ धन और संतान सुख का संकेत देते हैं।
- सफेद जौ को सर्वाधिक शुभ और मां दुर्गा की असीम कृपा का प्रतीक माना है।
- जौ का न अंकुरित होना या काले जौ का उगना अशुभ संकेत माना जाता है। इस स्थिति में शांति पाठ का विधान बताया गया है।

### मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की आराधना की

**सोनीपत।** मंगलवार को मनाए जा रहे दूसरे नवरात्र पर शहर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटी। इस अवसर पर मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों से लेकर घरों तक श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान संपन्न कर आस्था का वातावरण बनाये रखा। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही, जिन्होंने मां दुर्गा के जयकारों के बीच अपनी मन्नतें मांगी। शाम को भी मंदिरों में भक्तों का आवागमन लगा रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर अपने परिवार और समाज में सुख-शांति तथा समृद्धि की कामना की।

### कन्या पूजन में प्लास्टिक का बहिष्कार करने की अपील

**सोनीपत।** नवरात्रि पर्व पर अष्टमी और नवमी के दिन परंपरा अनुसार बालिकाओं को कंजक रूप में पूजने की परंपरा है। इस अवसर पर उपहार स्वरूप दिए जाने वाले सामान में अक्सर सस्ते व पुनर्नवीनीकरण किए गए प्लास्टिक की प्लेटें, कटोरियां और डिब्बे इस्तेमाल किए जाते हैं, जिनमें गरम प्रसाद परोसना सेहत के लिए घातक होता है।

विश्व हिंदू परिषद, सोनीपत के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख डॉ. राकेश रोहिल्ला ने अपील की है कि इस बार नवरात्रि पर प्लास्टिक का बहिष्कार कर कन्याओं को शिक्षण सामग्री जैसे स्कूल बैग, नोटबुक, पेंसिल, भारत को जानो पुस्तिका आदि उपहार में दें। साथ ही घरों में अनुपयोगी वस्त्रों से बने पोटली बैग, छोटे पर्स, स्क्रंची, फैंसी हेयर पिन, हेयर बैंड, गुल्लक, वस्त्र, खिलौने, सिलाई मशीन और स्वास्थ्यवर्धक सामान भी भेंट किए जा सकते हैं। डॉ. राकेश रोहिल्ला ने सभी से कन्या पूजन के दौरान प्लास्टिक के खिलौनों और प्लेटों का पूर्ण बहिष्कार करने और भोजन केवल स्टील के बर्तनों में परोसने की की अपील की।

## खबर संक्षेप

### तिरंगा यात्रा में 15 देशों के युवा होंगे शामिल

**गोहाना।** पंजाबी महासंघ गोहाना के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी ने कहा कि बलिदानी भगत सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 27 सितंबर को गोहाना में एक किलोमीटर लंबे तिरंगे के साथ यात्रा निकाली जाएगी। इसमें 15 देशों के युवा व किशोर शामिल होंगे। यह कार्यक्रम बलिदानी मदनलाल ढींगरा स्टेडियम में होगा। स्टेडियम के सिंथेटिक ट्रैक पर यात्रा निकाली जाएगी।



### कई नेताओं ने इनेलो का दामन थामा

**सोनीपत।** कांग्रेस व अन्य दलों के नेताओं ने मंगलवार को इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी का दामन थाम लिया। गुरुग्राम स्थित निवास पर इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में यह शामिल होने का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इनेलो में शामिल होने वालों में त्यागी समाज के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व हल्का अध्यक्ष कांग्रेस नेता सुरेश त्यागी, पूर्व चेयरमेन नप एवं कांग्रेस नेता सतपाल गोयल, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कश्यप, पूर्व जिला प्रेस प्रवक्ता कांग्रेस नेता फूल कुंवर चौहान, जेजेपी नेता व आरडब्ल्यू सेक्टर-12 के प्रधान राजेंद्र मलिक, राजेंद्र जांगड़ा, बीजेपी नेता ललित शर्मा, पप्पू कुराड़, कवरपाल अंतील सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### गन्नौर में युवा सम्मान समारोह 27 को होगा

**गन्नौर।** देवा सोशल डेवलपमेंट सोसायटी की ओर से 27 सितंबर को गन्नौर की बीएसटी कॉलोनी स्थित आरपीएस स्कूल ग्राउंड में छठा और सातवां युवा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में वर्ष 2023-24 और 2024-25 सत्र में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 200 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को सोसायटी के कार्यालय परिसर में बैठक भी हुई, जिसमें आयोजन को बेहतर और प्रेरणादायी बनाने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। सोसायटी संस्थापक एवं गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने बताया कि समारोह में विद्यार्थियों को स्कूटी, साइकिल और टैबलेट पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। सम्मान पाने वाले छात्रों में सरकारी और निजी स्कूलों के छात्र शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह पहल वर्ष 2018 में 30 छात्रों से शुरू की गई थी, लेकिन आज यह आंकड़ा 100 से अधिक हो गया है। इस अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष सुनील, योगेंद्र कुमार, नवीन, अमित, प्रदीप आदि मौजूद रहे।



## विशिष्ट परिचर्चा में शिक्षकों का सम्मान और शिक्षण की समस्याओं का समाधान

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में विशिष्ट परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी के प्रबंधक नीरज शर्मा व निर्देशिका रीमा शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत, छात्रों के सर्वांगीण विकास में अनुभवात्मक ज्ञान द्वारा छात्रों में शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करना ,अभिभावकों के दायित्व, विभिन्न योग्यताओं, क्षमताओं का विकास, सामाजिक एवं नैतिक मूल्य जैसे विषयों पर विद्यालय अध्यक्ष नीरज शर्मा, निदेशिका रीमा शर्मा, मीनू शर्मा, अंजु चौहान, भूपेंद्र व कमलकांत, ज्योति रानी द्वारा विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपने विचारों को सांझा किया गया व विभिन्न सुझाव दिए। कार्यक्रम में ऋषिकुल के अध्यापकों ने भाग लिया तथा सभी विषयों के उद्देश्यों और उसके कार्यान्वयन पर चर्चा की गई।

## वोट चोरी से एससी-बीसी का हर अधिकार छीनना चाहती है भाजपा : राजेंद्र गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र गौतम ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा न केवल एससी-बीसी वर्गों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करना चाहती है, बल्कि गोलवलकर के बंच ऑफ फ्लॉवर सिद्धांत को लागू कर देश में मनुस्मृति जैसी व्यवस्था लाना चाहती है। वे मंगलवार को सोनीपत के दीवान फार्म हाउस में आयोजित कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग हरियाणा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष मनोज बागड़ी ने की। सोनीपत कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष कमल दीवान ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को घर-घर तक पहुंचाना होगा।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र गौतम, कमल दिवान एवं अन्य पदाधिकारी।

कमल दीवान ने कहा कि भाजपा वोट चोरी कर बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा संविधान के माध्यम से दिए गए अधिकारों को छीनने की साजिश रच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शिक्षा संस्थानों को बंद कर अनुसूचित जाति वर्ग को पढ़ाई से वंचित कर रही है, वजीफे की योजनाएं बंद कर दी गई हैं और निजीकरण के जरिए सरकारी नौकरियों के अवसर समाप्त किए जा रहे हैं। बैठक में पूर्व सदस्य हरियाणा लोक सेवा आयोग राजेश वैद्य, ग्रामीण अध्यक्ष संजीव दहिया, अनिल धानक, अजय वैद्य, सुनीता वर्मा, जनक अटवाल, मनोज वाल्मीकि, मदन तंवर, विमल नंबरदार, रामसिंह गौतम आदि मौजूद रहे।

## पवन खरखौदा हरियाणा खेल कराटे संघ के अध्यक्ष चुने

**गोहाना।** खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन खरखौदा हरियाणा खेल कराटे संघ का अध्यक्ष चुने गए हैं। संघ द्वारा अध्यक्ष सहित कई अन्य पदों पर भी नई नियुक्तियां की गई हैं। हरियाणा खेल कराटे संघ द्वारा जैस कालरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेश मग्गू, सूर्या देव, व अंजलि को उपाध्यक्ष चुना गया है। अनूप को महासचिव, अनिल भारद्वाज, जयदेव नौल्था व कमलेश नेहरा को सह सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है। सुशील शर्मा को मुख्य तकनीकी निदेशक, मोहित को खजांची, नरवीर मलिक, विवेक, ललित बेदी और अंकित जागलान को कार्यकारी सदस्य चुना गया है। चुनाव हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर मीनू बेनीवाल और कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महा सचिव योगेश कालरा की देखरेख में हुआ। इसके साथ ही हरियाणा ओलंपिक संघ ने हरियाणा खेल कराटे संघ को मान्यता भी प्रदान की है।

## गोमाता को राष्ट्रीय माता का दर्जा घोषित कराने के लिए 22 जिलों तक दौड़ेंगे दो युवा

■ दौड़ का मुख्य उद्देश्य समाज में भाईचारा, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और हरियाणा के सम्मान को समर्पित करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गोमाता को राष्ट्रीय माता घोषित कराने, नशा मुक्त हरियाणा और अमर शहीदों के बलिदान के सम्मान में गन्नौर के दो युवा प्रदेश के 22 जिलों तक दौड़ लगाएंगे। गो रक्षा दल से जुड़े सुमित खुडलान उर्फ जानी अल्ट्रा व एथलेटिक हैप्पी 25 सितंबर से 25 अक्टूबर तक प्रदेशभर के 22 जिलों में दौड़ेंगे। दौड़ का मुख्य उद्देश्य समाज में भाईचारा, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और हरियाणा के सम्मान को समर्पित करना है।

यह दौड़ गन्नौर से शुरू होकर हरियाणा के सभी जिलों में जाएगी और युवाओं को



**गन्नौर।** सुमित खुडलान व एथलेटिक हैप्पी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए।

सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करने का संदेश देगी। यह दौड़ नई पीढ़ी को प्रेरित करेगी। दौड़ के दौरान जगह-जगह सामाजिक संदेश दिए जाएंगे और युवाओं को जागरूक किया जाएगा। इस दौड़ के बाद वह पूरे देश चक्कर भी लगाएंगे, जिसकी दूरी लगभग 16 हजार किलोमीटर होगी। फरवरी 2025 में अमर शहीदों के सम्मान में गन्नौर से बाघा बार्डर तक 500 किलोमीटर की दौड़ लगा चुके हैं।

## जीएसटी दो में बदलाव की जानकारी दी

**गन्नौर।** जीएसटी की दरों में हुए बदलाव पर मंगलवार को भाजपा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक ने रेलवे रोड पर व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में पहुंचने पर देवेंद्र कौशिक का जिला महामंत्री नीरज ठरू, गन्नौर नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, गन्नौर व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष संदीप सिंघल, महासचिव राजकुमार अग्रवाल, विद्या भूषण हसीजा, निशांत छौक्कर, गौरव जैन आदि ने स्वागत किया। देवेंद्र कौशिक ने व्यापारियों को जीएसटी दरों में हुए बदलाव की बारीकियों व लाभ से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि जीएसटी के स्लैब में बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को दीपावली का उपहार दिया है। जीएसटी कम होने से सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। कौशिक ने कहा कि जीएसटी घटने से खपत बढ़ेगी और इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। संदीप सिंघल ने कहा कि जीएसटी की नई दरों से निश्चित तौर पर व्यापारियों को लाभ होगा। उन्होंने व्यापारियों से एकजुट रहने की अपील की। इस मौके पर विद्या भूषण हसीजा, शालू वधवा, गौरव शास्त्री, राजेंद्र सैनी, कप्तान नांदल, भोपाल रापरिया, मंडल अध्यक्ष अजय जैन, विकास त्यागी, पार्षद अंकित त्यागी आदि मौजूद रहे।



**गन्नौर।** भाजपा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक का स्वागत करते गन्नौर व्यापार मंडल के पदाधिकारी।



## समाजवाद के प्रणेता थे महाराजा अग्रसेन : मनोज

**गोहाना।** पुरानी अनाज मंडी में मंगलवार को महाराजा अग्रसेन की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। समारोह में नागरिकों ने महाराजा अग्रसेन को नमन करते हुए प्रसाद भी वितरित किया। मुख्य वक्ता एडवोकेट मनोज गोहाना ने कहा कि आदर्श शासन व्यवस्था, समाजवाद के प्रणेता गणतंत्र के संस्थापक, अहिंसा की पुजारी और शांति के दूत भी थे। उनकी सोच थी कि 36 बिरादरी को साथ लेकर एक रुपया एक ईंट दान देकर समाज को आगे बढ़ाया जाये। एडवोकेट आशीष बंसल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन अहिंसा के पुजारी थे उन्होंने अपने पिता की इच्छा पर एक वीर भूमि पर अग्रोहा धाम की स्थापना की। इस मौके पर राजेन्द्र गर्ग, सुशील जिंदल, रामलाल जिंदल, पंकज गोयल, सुशील जैन, प्रवीण जैन, विकास बंसल, अजीत जैन, दिनेश गोयल, दीपक गर्ग, संयम जैन, नमन जैन, भूषण अग्रवाल, विकास मित्तल, कपिल जैन, विशाल जिंदल, विहान गोयल व रितिक गोयल आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेता सुरेश त्यागी इनेलो में शामिल

**गन्नौर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं त्यागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश त्यागी धतुरी ने मंगलवार को इनेलो का दामन थाम लिया। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने उन्हें पटका पहना कर पार्टी में शामिल कराया। सुरेश त्यागी लंबे समय से कांग्रेस में काफी सक्रिय थे और गन्नौर हलके से विधानसभा टिकट की मांग कर रहे थे, लेकिन पार्टी में उपेक्षा और मान-सम्मान न मिलने से नाराज चल रहे थे। सुरेश त्यागी पहले भी इनेलो में सक्रिय रह चुके हैं और गन्नौर हलके के इनेलो अध्यक्ष पद पर जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इनेलो में सुरेश त्यागी ने गन्नौर हलके में पार्टी की लोकप्रियता को बढ़ाने में काफी योगदान दिया था। अब फिर इनेलो में वापसी की है। इनेलो में वापसी के बाद सुरेश त्यागी ने कहा कि वे चौधरी देवीलाल की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित हैं और कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।






**राई।** सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हें- मुन्ने छात्र ।

## जीडी गोयंका में ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन

**राई।** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी को सम्मानित किया और छात्रों ने अपने ग्रैंड पेरेंट्स के लिए विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गायन, नृत्य, कविता पाठ और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियाँ में मन मोह लिया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के चेयरमैन योगेश जिंदल और उपप्रधानाचार्या निधि जैन ने दीप प्रज्जवलित करके किया। छात्रों ने अपने ग्रैंड पेरेंट्स के साथ अनुभवों को साझा किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और मूल्यों का भी महत्व है। चेयरमैन योगेश जिंदल ने ग्रैंड पेरेंट्स को सम्मानित किया। उप प्रधानाचार्या ने सभी आभार जताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**कार्यक्रम** गन्नौर बार एसो. के कार्यक्रम में पहुंचे खाद्य आपूर्ति मंत्री नागर

## 11 सालों में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होकर चौथे स्थान पर पहुंची

**विपक्षी दल केवल भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

प्रदेश के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने मंगलवार को गन्नौर बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी भी उपस्थित रहे। बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी सहित अन्य पदाधिकारियों ने मंत्री राजेश नागर का स्वागत किया। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि पिछले 11 सालों में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होकर 11वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी की नई दरों को लागू कर आम लोगों के साथ-साथ व्यापारियों व उद्योगपतियों को बड़ा लाभ देने का काम किया है।

आने वाले समय में देश में नए बदलाव देखने को मिलेंगे। नागर ने कहा कि कोरोना काल जैसे संकट के समय भी देश की आर्थिक




**गन्नौर।** खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर का स्वागत करते भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, बार एसो. प्रधान गौरव त्यागी व अन्य।

स्थिति स्थिर रही। विपक्षी दल केवल भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। देवेंद्र कौशिक ने भी बार एसोसिएशन की हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गन्नौर बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी ने मंत्री से डिजिटल लाईब्रेरी बनवाने के साथ बार परिसर में वाई-फाई इंटरनेट की सुविधा और पार्किंग में शैड लगवाने की मांग रखी। इस पर मंत्री नागर ने बार एसोसिएशन में 7 लाख रूपये व भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने अपने निजी कोष से 1 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस मौके पर तहसीलदार ललिता दलाल, निशांत छौक्कर, बार एसोसिएशन उपप्रधान विशाल चौहान, सचिव विवेक त्यागी, सहसचिव रणसिंह भारद्वाज, कोषाध्यक्ष नवीन रंगा, जयभगवान त्यागी, मुकेश कौशिक, सुशील त्यागी, विवेक गौड़, रविंद्र शर्मा, सुरेश अत्री आदि मौजूद थे।




**गोहाना।** विचार विमर्श करते हुए विद्यालयों के मुखिया। फोटो : हरिभूमि

## सीबीएसई स्कूलो की गोहाना इकाई का होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सीबीएसई से संबंधित विद्यालय अपनी गोहाना इकाई का गठन करेंगे। इसके लिए मंगलवार को गोहाना-महम मार्ग स्थित एमआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यालयों के मुखियाओं ने बैठक करके विचारविमर्श किया।

बैठक में मुखियाओं ने विद्यालयों की सामूहिक समस्याओं और उनके निदान को लेकर विचारविमर्श भी किया। बैठक की अध्यक्षता सीबीएसई विद्यालयों की जिला सोनीपत इकाई के अध्यक्ष राजेंद्र गाल्यान ने की। बैठक में कई विद्यालयों के मुखिया किसी कारणवश भाग नहीं ले सके। इसी कारणवश गोहाना इकाई के गठन को लेकर विचारविमर्श के लिए 27 अक्तूबर आगामी तिथि निर्धारित की गई। बैठक में संगठन मंत्री प्रवीन, निजी सलाहकार योगराज भारद्वाज, संगठन सचिव जितेंद्र चावला, गोहाना के विभिन्न विद्यालयों के मुखिया जेकेआर विद्यालय से राजबीर राठी, मान इंटरनेशनल विद्यालय से दीपक मान, गीता विद्या मंदिर से अश्विनी कुमार, बाल भारती विद्यापीठ से सुमन कौशिक, ज्ञान भारती विद्यालय से सुनील कुमार, दून पब्लिक स्कूल से राजेश कुमार, होली फैमिली स्कूल से सिस्टर सेजा, ओम पब्लिक स्कूल से मंजीत खासा, एमआर विद्यालय से राजबीर शर्मा और अनीता शर्मा मौजूद रहे।